**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी 67 आवेदकों की समस्या

**मण्डला।** जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने 67 आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए उनके समुचित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करें। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में तिलकवार्ड निवासी राकेश पटेल ने सांची दुग्ध पार्लर व्यवस्थित करने के संबंध में, मोहगांव निवासी ताराबाई बैगा ने संबल कार्ड के अंतर्गत आर्थिक सहायता, सहजनी नारायणगंज निवासी दुर्गा सिंह वरकड़े ने विद्युतमंडल द्वारा काटे गए पेड़ की उचित मुआवजा, गजराज निवासी दीपिका परते ने राशन कार्ड में नाम खारिज कराने सहित अनेक विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## ज्ञानदीप स्कूल के निर्माणाधीन भवन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**मण्डला।** ज्ञानदीप इग्लिश मीडियम हायरसेकेंडरी स्कूल में बनाए जा रहे भवन का कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने निरीक्षण किया। नए बनाए जा रहे भवन में भूतल तथा प्रथम तल में चार-चार स्मार्ट क्लास रूम तथा द्वितीय तल में हॉल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें विभिन्न पाठ्येत्तर गतिविधियों का संचालन हो सकेगा। इसके लिए पुराने ज्ञानदीप स्कूल के कार्यालय के भवन को ध्वस्त किया गया है। साथ ही नीव का कार्य प्रारंभ है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया कि बच्चों की बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य में सावधानी रखें।

### पंचायत की भ्रष्टाचारिता नहीं हुआ रंगमंच का कार्य पूर्ण

# गांव के पंडित ने कराया रंगमंच का जीर्णोद्धार

*** स्थानीय देवालयों की उपेक्षा से ग्राम में आक्रोश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पूर्व का निर्माणाधीन रंगमंच

निवास जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिसिघौरी के पोषक ग्राम बरमदाना में लगभग 10-15 वर्षों पहले शासन द्वारा रंगमंच, सामुदायिक भवन और स्वजल धारा योजना की स्वीकृति मिली थी। इस कार्य के लिए पंचायत को एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया था, लेकिन पंचायत द्वारा कुछ कार्यों की शुरुआत करने के बाद कार्य अचानक बंद कर दिया गया और आज तक यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया।

स्थानीय लोगों द्वारा इस भ्रष्टाचार की शिकायत जिला पंचायत के सीईओ के पास की गई थी। जांच में यह पाया गया कि तत्कालीन सरपंच और सचिव ने स्वीकृत राशि का गबन किया था। इसके बाद जिला पंचायत के सीईओ ने गबन की वसूली के आदेश जारी किए, लेकिन इस वसूली का पालन किस हद तक हुआ, इसकी जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है।



इसके परिणामस्वरूप, इस गांव में न तो सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ और न ही रंगमंच बन पाया। पंचायत का कहना था कि यहां पहले ही रंगमंच और सामुदायिक भवन की स्वीकृति हो चुकी है, इसलिए नए कार्य की शुरुआत नहीं की जा सकती। इसके कारण गांव के लोग शासन की योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाए। इस स्थिति को लेकर गांव में काफी रोष था, क्योंकि 10-15 वर्षों बाद भी लोग कोई उम्मीद नहीं देख पा रहे थे।

सर्वाधिक आश्चर्यजनक बात यह थी कि जहां रंगमंच का निर्माण होना था, वहां गांव की खेरमाई का चबूतरा स्थित था, जिस पर रंगमंच बनने से खेरमाई माता का स्थान सुरक्षित हो जाता। लेकिन पंचायत ने इस नेक कार्य में भी भ्रष्टाचार किया और चबूतरे को खंडहर में बदल दिया। इस नकारात्मक स्थिति को देखते हुए गांव के निवासी पं. ओमप्रकाश तिवारी ने स्वयं रंगमंच का जीर्णोद्धार किया।

पं. ओमप्रकाश तिवारी ने अपनी निजी राशि से रंगमंच की छपाई, पुताई, चबूतरा निर्माण, दरवाजे-खिड़कियां लगवाकर उसे भव्य रूप दिया। 23 फरवरी 2025 को माता की स्थापना हवन पूजन के साथ रंगमंच का उद्घाटन किया गया, और प्रसादी का वितरण भी किया गया। इसके बाद से गांव में खुशी की लहर दौड़ गई क्योंकि जो खंडहर बन चुका रंगमंच अब भव्य रूप में दिखाई देने लगा।

हालांकि, गांव के लोग यह सवाल उठाते हैं कि पंचायत ने उन्हें इतनी लंबी अवधि तक उपेक्षित क्यों रखा, जिससे वे शासन की योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाए। यह सवाल आज भी गांव के लोगों के मन में व्याप्त है।

# कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने ज़िले में चल रही बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र मंगलवार को जिला मुख्यालय के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उत्कृष्ट विद्यालय एवं अवंती बाई स्कूल का औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षाओं की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने केंद्रों का निरीक्षण करते हुए ज़रूरी निर्देश भी दिए। इस दौरान को सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी बड़कड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया ज्ञानदीप परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा केंद्र पहुंचकर कक्षा 12वी की वार्षिक परीक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्र पर किए गए प्रबंधों के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित थे।



## नए शिक्षण सत्र की समयपूर्व तैयारी सुनिश्चित करें



**मण्डला।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने जिला योजना भवन से एफएलएन की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आने वाले नए शैक्षणिक सत्र की सभी तैयारियाँ समयपूर्व सुनिश्चित करें। एक अप्रैल से नए नामांकन प्रारंभ होने हैं, इसके साथ-साथ पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जानी है। सभी बीआरसी समस्त स्कूलों में समय के पहले पाठ्यपुस्तकें निर्धारित संख्या में उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के गणवेश की राशि सीधे खातों में प्रदाय की जानी है इसलिए बच्चों के खाते चैक करवाएं कोई भी अकाउंट इनएक्टिव नहीं होना चाहिए। सभी संबंधित भ्रमण दल अपना विजिट बढ़ाएं। पिछले तीन माह में दलों का विजिट संतोषजनक नहीं है। दलों के भ्रमण की प्रतिदिन ऑनलाईन एंट्री भी करें। बैठक में यूनिक कव्हरेज, बोर्ड परीक्षाओं, यूनिफार्म वितरण तथा स्कूलों की शिकायतों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला योजना भवन में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

# आज महाशिवरात्रि पर होगा अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिला पंचायत के सामने स्थित हनुमान शेषनाग राम दरबार मंदिर में महारुद्र अभिषेक पूजन पाठ प्रसादी वितरण एवं संध्या काल को दीपदान किया जावेगा। संपूर्ण अनुष्ठान पौराणिक श्री रामनाथ शास्त्री के सानिध्य में संपादित होंगे। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर बॉटल आर्ट के बादशाह त्रिलोक सिंधिया के द्वारा अलौकिक दिव्य शिवलिंग की कलाकृति तैयार कर सभी भक्तों के दर्शन हेतु मंदिर प्रांगण में आज रखी जावेगी। मंदिर व्यवस्थापक सुधीर कांसकार ने धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे इस धार्मिक अनुष्ठान में सह परिवार सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर इस बार भी जिला पंचायत के सामने स्थित हनुमान शेषनाग राम दरबार मंदिर में बांस और बरगद की जड़ (जटा) एवं पान की बांस की टोकनी से शिव लिंग त्रिलोक सिंधिया बना रहे हैं त्रिलोक सिंधिया बताते है की शिवलिंग बनाने में कड़ी मेहनत और 4 दिन लगे शिव लिंग बनाने की प्रेणना सुधीर कांसकर से मिली।



# शिखा को मिला अध्यक्ष का दायित्व



**मण्डला।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश्वर चमन श्रीवास्तव द्वारा महिला ईकाई प्रदेश अध्यक्ष दीप्ति श्रीवास्तव की अनुशंसा पर मंडला जिले की समाजसेवी श्रीमति शिखा श्रीवास्तव को मंडला जिले की महिला ईकाई का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। कायस्थ महासभा ने आपकी ऊर्जा और सक्रियता पर विश्वास जताया है कि आप पूर्ण निष्ठा और लगन से कायस्थ महासभा के गौरव और सम्मान में वृद्धि करेंगी और अपने दायित्व का कुशलता से निर्वाहन करते हुए संगठन का विस्तार करेंगी। कायस्थ समाज जिला अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव एवं कार्यकारी अध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव द्वारा शुभकामनाएं देते हुए कहा की शिखा श्रीवास्तव पूर्व पार्षद भी है और सामाजिक गतिविधियों से हमेशा जुड़ी रहती है। निश्चित ही आपकी रचनात्मकता और सक्रियता से समाज को लाभ मिलेगा।

### मनमानी | प्राचार्य की कार्यशैली से स्कूल स्टाफ एवं बच्चों के पालकों मे पनप रहा है असंतोष।

# पटपरा हाईस्कूल के प्राचार्य ने लिये सिर्फ वित्तीय प्रभार

*** अक्सर बहाना कर रहते हैं स्कूल से गायब।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत पटपरा रैयत में संचालित एकीकृत हाईस्कूल, इन दिनों प्राचार्य टी. पी. सोनी की कार्यशैली के कारण चर्चा में है। जानकारी के अनुसार, श्री सोनी जी जो वर्तमान में उत्कृष्ट विद्यालय घुघरी में पदस्थ हैं, वे साइंस शिक्षक के तौर पर कार्यरत हैं। हालांकि, विभागीय अधिकारियों की कथित सांठगांठ के चलते उनका संलग्नीकरण हाईस्कूल पटपरा रैयत में कर दिया गया है। इससे पहले, उन्हें 40-50 किलोमीटर की दूरी तय कर घुघरी विद्यालय जाना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें महज 12 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है, जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से अधिक सुविधाजनक लगता है।

शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार, साइंस शिक्षकों का अन्य विद्यालयों में संलग्नीकरण नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन यहां सहायक आयुक्त जनजाति विभाग द्वारा इस नियम को दरकिनार कर उनका संलग्नीकरण किया गया है। इससे उत्कृष्ट विद्यालय में अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था करनी पड़ रही है, जो शासन की मंशा के खिलाफ है, क्योंकि इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का उद्देश्य है। विभागीय अधिकारियों की इस लापरवाही ने इस व्यवस्था को प्रभावित किया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, टी.पी. सोनी अक्सर सरकारी कार्यों का हवाला देकर स्कूल से अनुपस्थित रहते हैं, जिससे स्कूल की व्यवस्था में गड़बड़ी हो रही है। हालांकि, एकीकृत हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी के तहत यहां संचालित सभी स्कूलों के शासकीय कार्यों का प्रभार उन्हें संभालना चाहिए, लेकिन यहां ऐसा नहीं हो रहा। वित्तीय प्रभार तो उन्होंने अपने पास रखा है, अन्य प्रभार अन्य शिक्षकों पर लाद दिया गया है। इस तरह की कार्यप्रणाली से विद्यालय में असंतोष बढ़ रहा है।

हाल ही में, स्कूल में पदस्थ शिक्षिका मुक्ति चौरसिया को संकुल केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 के द्वारा चार्ज लेने के लिए बिना किसी निरीक्षण या जानकारी के नोटिस जारी किया गया, जो मिलीभगत की ओर इशारा करता है। क्योंकि चार्ज प्राचार्य को लिया जाना चाहिए या कार्य का विभाजन होना चाहिए। इसके अलावा, यह भी जानकारी विभागीय सूत्रो मिली है कि श्री सोनी जी आठवीं और पांचवीं की मार्कशीटों पर हस्ताक्षर नहीं करते, जिसके कारण शिक्षकों को यह काम करना पड़ता है, जबकि एकीकृत विद्यालय होने के कारण प्रभारी प्राचार्य के हस्ताक्षर आवश्यक हैं।

इनकी कार्यशैली को लेकर स्कूल स्टाफ और बच्चों के पालकों में असंतोष फैल रहा है। अभिभावकों का कहना है कि ऐसे प्रभारी प्राचार्य को तत्काल हटा दिया जाना चाहिए, ताकि विद्यालय में व्याप्त गुटबाजी को समाप्त किया जा सके और बच्चों की पढ़ाई पर कोई असर न पड़े।

विद्यालय के अंदर चल रही इस गड़बड़ी से शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं, और यह स्थिति विभागीय अधिकारियों की ओर से गंभीर ध्यान देने की मांग कर रही है।

**इनका कहना -**

*आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।*

***-बीईओ, मण्डला,***

# रासेयो का सात दिवसीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआबिछिया की राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 19/02/2025 से 25/02/2025 तक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राजेश्वरी मरकाम के मार्गदर्शन, कार्यक्रम समन्वय डॉ. शोभाराम मेहरा रा.से.यो. रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, जिला संगठन डॉ. बी.एल. झारिया राष्ट्रीय सेवा योजना प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालय मंडला के निर्देशानुसार एवं कार्यक्रम अधिकारी सुखदेव सिंह वरकडे के नेतृत्व में ग्राम लपटी के शासकीय माध्यमिक एकीकृत शाला परिसर ग्राम पंचायत लपटी में आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से शिविरार्थियों के द्वारा गाँव में प्रभात फेरी कर स्वच्छता, जनस्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण, बाल विवाह, आदि ज्वलंत मुद्दों को लेकर जागरूक कर किया गया। शिविरार्थियों के द्वारा श्रम गतिविधि के तहत सार्वजनिक सडक, नल नलकूप, नदी, तालाब, एनीकट की साफ सफाई कर लोगों को जागरूक किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह 5:00 बजे से शासकीय प्राथमिक माध्यमिक एकीकृत शाला प्रांगण में रखा गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम मे पंकजपुरी गोस्वामी अध्यक्ष जन भागीदारी समिति के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि स्तुति गोस्वामी, श्वेता वरकडे, शिव कुमार राय, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राजेश्वरी मरकाम की अध्यक्षता में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी ग्राम के गणमान्य नागरिकों, शिविरार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी एवं माँ सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सभी शिविरार्थियों के द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा शिविर का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें शिविर के दौरान किए गए जागरूकता कार्यक्रम, श्रम गतिविधि से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में शिविरार्थियों के द्वारा नाटक, लोकगीत, नृत्य, भाषण की मनमोहक प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंकजपुरी गोस्वामी ने शिविर की सराहना करते हुए बताया कि छात्र जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है इसके माध्यम से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है कार्यक्रम की अध्यक्ष ने शिविरार्थियों को जीवन में अनुशासन को आत्मसात करने एवं अधिक से अधिक छात्रों, युवाओं को समाज में सदैव आगे रहने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम में मंच संचालन शिव कुमार मसराम, संजीत परते, दीपक यादव के द्वारा किया गया कार्यक्रम में समस्त शिविरार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गौंझीमाल जनपद पंचायत मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत गौंझीमाल में 15 वित्त, 5वॉं वित्त, सासंद, विधायक एवं अन्य मदों से स्वीकृत कार्यो सीसी सड़क निर्माण, नाली निर्माण, रंगमंच निर्माण, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य कार्यों में सामग्री गिट्टी, रेत, ईट, सीमेंट, लोहा, मुर्रम, खिड़की, दरवाजा, वेंटिलेशन एवं अन्य सामग्री आदि का जीएसटी वाले सामग्री सप्लायरो से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा आमंत्रण दिनांक से 05 दिवस के अंदर कार्यालयीन समय पर आमंत्रित की जा रही है। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सचिव
ग्राम पंचायत गौंझीमाल
जन.पंचा. मण्डला

सरपंच
ग्राम पंचायत गौंझीमाल
जन.पंचा. मण्डला

## खबर संक्षेप

### डूब क्षेत्र में निर्माण कार्यों में लगाई गई रोक को हटाया जाये

डिंडौरी- जनपद पंचायत मेहंदवानी के अंतर्गत ग्राम कुटरई माल में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य कराने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में आवेदन पत्र ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को दिया गया है। ग्रामवासियों ने आवेदन में लेख किया है कि कार्यालय कलेक्टर भू-अर्जन शाखा द्वारा 05 जुलाई 2024 के जारी आदेश में अपर नर्मदा परियोजना बसनिया अंतर्गत डूब से प्रभावित ग्रामो में भूमियों के संब्यवहार एवं सरंचना निर्माण पर रोक लगा दी गई थी। हमारा ग्राम नीचे कुटरई माल बैगा जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम है। यहां कुल परिवार 102 निवासरत है और कुल जनसंख्या 377 हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास स्वीकृत है, लेकिन सरंचना निर्माण पर रोक लगने के कारण ग्रामवासी आवास का निर्माण कार्य नहीं कर पा रहें हैं। ग्रामवासियों द्वारा मांग की गई है कि सरंचना निर्माण पर लगाई गई रोक को हटाकर संरचना निर्माण एवं प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य कराने की अनुमति प्रदान की जाए।

### तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्यवाई की मांग

डिंडौरी- मंगलवार को आयोजित जनसुनवाईर्ं में जल्दा मुढिया निवासी महिला ने कलेक्टर को लिखित षिकायत करते हुए बतलायी कि 23 जून 2024 को डिण्डौरी मंडला मुख्य मांर्ग में जल्दा मुढिया के नजदीक छपरी में उसके द्वारा संचालित दुकान में समान चोरी और तोडफोड करने की षिकायत कोतवाली में दर्ज करायी थी लेकिन आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही नही होने से वह भयभीत है । सुनीता बाई पति तोप सिंह धुर्वे जाति गोंड उम्र 35 वर्ष ने कोतवाली में दर्ज की गई षिकायत में बतलाया कि मेन रोड किनारे विगत 8 साल से किराना दुकान चलाती हूं। डिंडौरी मंडला रोड चैडीकरण होने से मेरी दुकान रोड में आ रही थी। इस कारण रोड बनाने वाले दूसरी जगह दुकान रखने को बोले थे। मैं रोड के दूसरे तरफ पटरी में मडईया बनाकर दुकान रखी थी। 23 जून 2024 को मैं अपने मायके गयी थी और मेरे पति घर में थे। सुबह करीब 10.30 बजे छपरी गांव के सम्हर सिंह, दया सिंह मरावी, प्रताप सिंह मरावी, अमृत सिंह सभी लोग एक साथ आकर मेरे पति को बोले कि यहां मडईया बनाकर दुकान क्यों रख लिये हो ऐसा कहकर सभी लोगो ने मडईया को तोड दिये और दुकान का सामान फेंक दिये। मेरे पति द्वारा मना करने पर मारने पीटने पर उतारू हो रहे थे। मेरे पति ने मुझे फोन लगाकर घटना के बारे में बताया। मैं मायके से लौटकर देखी तो दुकान का पूरा सामान बिखरा पड़ा था और मडईया टूटी थी। मैने दुकान फिर से वहीं पर जमा ली। अगले दिन 24 जून 2024 को दिन करीब 3 बजे फिर से चारों लोग आकर मुझे धमकी देने समेत मारने पीटने पर उतारू हो रहे थे। उन लोगों ने मेरी दुकान को गैंती सब्बल से तोड दिये और समान को फेंक दिये। मेरे मना करने पर नहीं मान रहे थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### समस्याओं के निराकरण की लगाई गुहार

डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण मौसम खरीफ 2024 अंतर्गत सर्वेयर को राशि भुगतान करने के संबंध में 9 जनवरी को कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा द्वारा जिले की तीनों तहसील डिंडौरी, बजाग एवं शहपुरा के तहसीलदारों को निर्देश दिए जा चुके है। आदेश में कार्यालयीन पत्र का हवाला देते हुए लेख किया गया कि डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण मौसम खरीफ 2024 के क्रियान्वयन हेतु विस्तृत निर्देश दिये गये थे। आयुक्त भू-अभिलेख मप्र के पत्र के बिन्दु क्रमांक 9 के अनुसार स्थानीय युवा सर्वेयर को फसल सर्वेक्षण कार्य के लिये प्रति सर्वे नंबर प्रथम फसल हेतु राशि आठ रूपये एवं प्रत्येक अतिरिक्त दर्ज फसल हेतु राशि दो रूपये इस प्रकार प्रति सर्वे नंबर अधिकतम राशि चैदह रूपये देय होगी। संबंधित तहसीलदार द्वारा नियत राशि के सत्यापन उपरांत आधार से लिंक बैंक खाता में स्थानीय युवा सर्वेयर को भुगतान की कार्यवाही पोर्टल के माध्यम से किया जाना प्रावधानित है। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण मौसम खरीफ 2024 समाप्त होने के उपरांत आपके द्वारा उपरोक्तानुसार सर्वेयर को राशि भुगतान की कार्यवाही नहीं की गई है। तीन दिवस के अंदर संबंधित सर्वेयरों को नियमानुसार राशि भुगतान की कार्यवाही कर इस कार्यालय को अवगत करना सुनिश्चित करें।

## जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करें: कलेक्टर

# जनसुनवाई में प्राप्त 65 आवेदनों की हुई सुनवाई

**कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 65 आवेदन प्रस्तुत किये गए, जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई।**





डिंडौरी

आज जनसुनवाई में डीएफओ पुनीत सोनकर, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आवेदक ग्राम शर्मापुर निवासी दिव्यांग गनपत सिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वे श्रवणबाधित है। उन्होंने हियरिंग ऐड दिलाने की मांग की, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित कर तत्काल उन्हें हियरिंग ऐड दिलाई। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने दिव्यांग गनपत सिंह से हियरिंग ऐड लगाने के बाद चर्चा की। जिस पर लाभार्थी गनपत सिंह ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त कर प्रसन्नता जाहिर की। इसी प्रकार से ग्राम पडरिया कला से जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने पंचायत की शासकीय भूमि पर शिवकुमार झारिया द्वारा अवैध रूप से पक्का निर्माण कार्य कराने की शिकायत की। उन्होंने शासकीय भूमि से अवैध निर्माण में रोक लगाकर कब्जा हटवाने की मांग की। ग्राम घानामार निवासी चरनलाल ने उसके नाम की भूमि पर बिना सहमति के स्कूल भवन निर्माण कराने की शिकायत की। उन्होंने निर्माण कार्य रोक कर अपने नाम की भूमि वापस दिलाने की मांग की। ग्राम सुन्दरपुर निवासी आवेदिका नरबदिया बाई ने राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी द्वारा रिकार्ड सुधार प्रकरण में गलत प्रतिवेदन बनाकर परेशान करते हुए पैसे की मांग करने की शिकायत की। ग्राम पंचायत मनेरी के सरपंच, उपसरपंच सहित ग्रामीणजनों ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि ग्राम मनेरी में जलसंकट से निजात दिलाने की मांग की। ग्राम खाम्ही निवासी आवेदिका भुक्खी बाई आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि वह अन्यंत गरीब और निःसहाय है। उसका घर जर्जर हो गया है, अतः भुक्खी बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। साथ ही आवेदनों का निराकरण कर आवेदकों को सूचित करने को कहा। जनसुनवाई में आज राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।

## पी एम श्री नवोदय विद्यालय में 2 दिवसीय टेलीस्कोप परिचालन कार्यशाला का भव्य समापन



शहपुरा

अग्रणी पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में पीएम श्री गतिविधियों के अंतर्गत विद्यालय में टेलीस्कोप निर्माण, कार्यप्रणाली, रखरखाव एवं रात्रि आकाश अवलोकन की कार्यशाला का 23 एवं 24 फरवरी को सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

विद्यालय में राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ को आमंत्रित किया गया। जिनमें भोपाल से अनिल धीमान एवं मुकेश सातनकर को विद्यालय में कार्यशाला के लिए आमंत्रित किया किया। इस कार्यशाला के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने टेलीस्कोप के निर्माण, उसकी क्रियाविधि एवं उसके उपयोग के बारे में बारीकी से जाना। रात्रि के समय विद्यार्थियों ने आकाश में उपस्थित ग्रहों की स्थिति, तारामंडलों की स्थिति एवं अंतरिक्ष में उपस्थित कई रोचक तथ्यों को बेहतर से समझा। इस कार्यशाला का आयोजन अनुभवात्मक शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं विज्ञान संबंधी उत्सुकता एवं जिज्ञासा को विकसित करने तथा पीएम श्री विद्यालय के मुख्य उद्देश्यों की पूर्ति करने में सफल रहा।

संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य डॉ हर्ष प्रताप सिंह की अगुवाई में हुआ एवं कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान विभाग के शिक्षक अल्का विश्वकर्मा, मधुवंत राव धुर्वे, आयुष लहरिया, ज्योत्सना गुप्ता के सहयोग से हुआ। विद्यालय के अध्यापकगण संचिता बनर्जी, सुनीता गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार सोनकर, कविता देवी, श्री रामानंद, राहुल कुमार, रमेश विश्नोई, शालिनी, अजय, अजीत कुमार, अनुपमा सुंदरम, सुश्री दीक्षा तिवारी, नूरुल हसन, इंजमाम उल हक, उमा मिश्रा, पुनीत द्विवेदी, राकेश केवट आदि स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।



## कालेज में एनएसएस शिविर का आयोजन

डिंडौरी

उच्चशिक्षा विभाग और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय करंजिया के तत्वाधान में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम रैतवार में प्रारंभ किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रमोदकुमार वास्पे के निर्देशन एनएसएस के समन्वयक प्रो. विक्रम सिंह टेकाम के मार्गदर्शन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शत्रुशूदन सिंह के नेतृत्व में ग्राम को गोद लेकर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ की गई। प्राचार्य वास्पे ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दरमियान ग्रामीणों के बीच शिक्षा, सामाजिक, जागरुकता, साफ सफाई, स्वच्छता, तथा अन्य सकारात्मक गतिविधियों का संचालन किया जाना हैं। इस दौरान सहायक प्राध्यापक डा. प्रीती पांडेय, डा. तान्जुम अंसारी, डा. के के द्विवेदी, डा. प्रेमशंकर साहू, डा. के पी वरोह एवं डा. शमसेर बहादुर एवं प्रो अनीस मंसूरी तथा प्रो रुपेश सिंह सौरभ खांडे आदि मौजूद रहें।

## नई सड़क, पुलिया समेत सिंचाई के लिए पाइप लाइन की व्यवस्था कराने ग्रामीण लामबंद

**डिंडौरी।** जनपद पंचायत समनापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगांव के ग्रामवासियों ने नई सड़क, पुलिया समेत फसलों की सिंचाई के लिए पाइप लाइन की व्यवस्था कराने से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में मंगलवार को दिया है। ग्रामवासियों ने आवेदन में लेख किया कि समनापुर बम्हनी मुख्य मार्ग से ग्राम मोहगांव सिध्द बाबा तक बैयहा टोला से कच्छरा टोला तक मौराही टोला से प्राथमिक शाला लप्टीटोला तक रोड और बैयहा टोला से मौराही टोला के बीच में 12 नाला एवं लप्टी नदी में एक छत वाला एक पुल बनवाया जाय। रोड एवं पुलिया नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को बहुत समस्या झेलना पड़ता है। बरसात में गर्भवती महिलाओं को डिलेवरी के समय रोड एवं अस्पताल पहुँचाने में बहुत समस्या होती है। चारपाई में रखकर मुख्य मार्ग तक ले जाना पड़ता है एवं कभी रास्ते में ही डिलेवरी हो जाती है। अचानक बीमार पड़ जाने से बीमार व्यक्ति को मुख्य मार्ग तक पीठ में लादकर लाना ले जाना पड़ता है।बरसात में बच्चे स्कूल नहीं जा पातें है। खेत मे जाने में समस्या होती है। ऐसी स्थिति में बरसात में किसी की मृत्यु हो जाती है तो आने जाने में बड़ी मुश्किल होती है। इस समस्या के लिए पिछले तीन बार जिला कार्यालय में आवेदन भी दे चुके है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। कलेक्टर से मांग की गई है कि समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए।

**लप्टी नदी से चिल्लू तालाब एवं भुतहा तालाब तक मोटर पाइप लाइन लगवाई जाए-** ग्रामवासियों द्वारा जनसुनवाई में दिए गए दूसरे आवेदन में लेख किया गया है कि रबी एवं खरीब दोनों फसलों में पर्याप्त पानी न होने के कारण फसल सूख जाती है। गर्मी के दिनों में तालाब सूख जाते है जिससे मवेशियों को भी पानी नहीं मिल पाता है। चिल्लू एवं भुतहा तालाबों का गहरीकरण करने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि लप्टीनदी से पाइप लाइन डालकर तालाब तक आसानी से पानी पहुंचाया जा सकता है

## शहपुरा पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

शहपुरा

शहपुरा पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, करीब 73 लीटर शराब के साथ पौने दो लाख का मशरूका जप्त, 2 आरोपी गिरफ्तार पुलिस कप्तान वाहिनी सिंह द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने आदेशित किया गया है जिस कारण संपूर्ण जिले में लगातार बड़ी कार्यवाही हो रही है। पुलिस कप्तान डिंडोरी के निर्देश पर तथा अति पुलिस अधीक्षक डिंडोरी जगन्नाथ मरकाम एवं sdop शहपुरा मुकेश अविद्रा के मार्गदर्शन में कल दिनांक 24/2/25 को थाना प्रभारी शहपुरा अनुराग जामदार द्वारा मुखबिर की सूचना पर तत्काल टीम गठित कर रेड कार्यवाही कर मेंहदवानी रोड ग्राम चरगांव के पास बने खलिहान के घर से आरोपीगण प्रेम साहू पिता प्रमोद साहू 21 साल , मोहित पिता हेतराम बरमैया उम्र 23 साल दोनों निवासी शहपुरा के कब्जे से करीब 73 लीटर शराब जिसकी कीमत 63480/- तथा 1 मोटर साइकिल कीमती 100000/- कुल मिलाकर 163480/- का मशरूका जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी शहपुरा अनुराग जामदार, स उ नि मुकेश बैरागी,नंद किशोर झरिया, प्र आर आदित्य शुक्ला, प्रवीण अवस्थी, आर. अभिषेक पांडे,गोविंद चौरे, मांगीलाल सोलंकी, लोकेंद्र भदौरिया, भरत कुशवाहा, महिला आर. अंशिता, कुसुम चालक तुलसीदास यादव की मुख्य भूमिका रही।



## महाविद्यालय मेंहदवानी में अल्पावधि रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी में स्वामी विवेकानंद कॉरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित तथा विकास केंद्र भोपाल सेट मैप द्वारा आयोजित अल्पावधि रोजगार उन्मुखी अल्पाबधी प्रशिक्षण का शुभारंभ 24 फरवरी 2025 को महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री बैजनाथ साहू के आतिथ्य में एवं प्राचार्य डॉ लेखराम कुर्मी के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण अवधि दिनांक 24 फरवरी 2025 से 12 मार्च 2025 तक कुल 60 घंटे रहेगा। उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के टी पी ओ डॉ सुरेश प्रसाद पांडेय ने वर्तमान समय में तकनीकी कौशल की अनिवार्यता उद्यमिता और रोजगार परक दृष्टिकोण पर बल दिया। सेट मैप के प्रशिक्षक श्री आनंद मसीह ने प्रशिक्षण की रूपरेखा एवं कौशल विकास में प्रशिक्षण के महत्व को बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुश्री माया कनासे डॉ अलका अवस्थी श्रीमती सुंदरवती यहके श्रीमती संध्या सिंह श्रीमती अमृता सूर्यवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पिंकी श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।



## हायर सेकेण्डरी परीक्षा शुरू

## पहले दिन बने तीन नकल प्रकरण

डिंडोरी

मंगलवार से हायर सेकेण्डरी कि बोर्ड परीक्षाए शुरू हो गई पहले दिन हिंदी का पेपर हुआ बोर्ड परीक्षा के लिए जिले भर में 66 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमे पहले दिन हिंदी के पेपर के लिए 8049 परिक्षार्थीयों में से 7964 परिक्षार्थी उपस्थित हुए वही 185 छात्र अनुपस्थित रहे ।

**जिले भर में बने तीन प्रकरण -**

पहले दिन हायर सेकेण्डरी कि बोर्ड परीक्षा में हिंदी के पेपर में तीन नकल के प्रकरण बनाए गए तीनो ही नकल अमरपुर नायब तहसीलदार द्वारा नकल प्रकरण अमरपुर में संचालित शासकीय नवीन कन्या हाई स्कूल केंद्र क्रमांक 751068 में दर्ज किये गए हैं जानकारी के मुताबिक इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए जिले भर में जिला स्तर से निगरानी कि जा रही हैं इसके लिए जिला स्तर पर उड़न दस्ता दल का गठन किया गया हैं वही सभी बिकासखंड स्तर पर सभी ब्लाको में एक एक उड़न दस्ता दल का गठन किया गया हैं

### महिलाओं में हुआ विवाद

डिंडौरी। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाखों में मोबाइल चलाने की बात को लेकर महिलाओं में आपस में विवाद हो गया। फरियादी ललिता बाई पारधी पति कमल सिंह पारधी उम्र 25 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरे ससुर धरम सिंह की बहन सैना बाई लाखो में रहती है। मेरे लडके ने हमारा मोबाईल सैना बाई के यहां चार्ज में लगाने के लिये दिया था। रात करीब 10 बजे मैं मोबाईल लेने सैना बाई के यहां गई तो सैना बाई की लडकी जगुतिया बाई मोबाईल चला रही थी। मैं मोबाईल चलाने से मना की तो जगुतिया बाई व उसकी मां सैना बाई मेरे साथ गाली गलौज करने लगी।


**OFFICE OF THE SECTERATY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI GORAKHPUR DIST. DINDORI**

**N.I.T. No/Nirman/2024-25/536 GORAKHPUR dated: 25.02.2025**

**Notice Inviting Tender**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **Construction of check post AT KUM YARD Gorakhpur distt Dindori Tender Number: 2025_MPSAM_405262_1 (PAC amount Rs. 4.08 Lakhs).** The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 20.03.2025. Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **https://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in.**

Note:- Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Secretary**
**Krishi Upaj mandi Samitti GORAKHPUR**
**Distt. DINDORI**


## नवीन स्नातकोत्तर छात्रावास की व्यवस्था करने की मांग



**डिंडौरी।** शासकीय चंद्र विजय महाविद्यालय डिंडौरी में अध्ययरत छात्रों ने महाविद्यालय में नवीन स्नातकोत्तर छात्रावास की व्यवस्था करवाने सहित छात्रावास वर्ष के पूरे 12 महीने तक संचालित करने की मांग को लेकर आवेदन जनसुनवाई में सहायक आयुक्त को सौपा है। आवेदन में छात्रों ने लेख किया कि वह विगत वर्षों से चंद्रविजय महाविद्यालय में अध्ययन कर रहे हैं। आने वाले समय में छात्र स्नातकोत्तर की पढ़ाई करेंगे। ऐसे में उन्हें स्थानीय स्तर पर निवास करने के लिए छात्रावास की जरूरत पड़ेगी। छात्रों ने बताया कि हम सभी ग्रामीण क्षेत्र के निवासी हैं और डिंडौरी में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। आने वाले समय में हम स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश लेंगे जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर निवास करने के लिए छात्रावास की जरूरत पड़ेगी। छात्रों ने आवेदन में उल्लेख किया है कि छात्रावास बारहमासी संचालित किया जाए। शासन स्तर से छात्रावासों को वर्ष में केवल 10 माह ही संचालित करने के लिए शिष्यवृत्ति प्रदान की जाती है, लेकिन महाविद्यालय में छात्रावास में निवासरत छात्रों की परीक्षाएं मई एवं जून माह में संपन्न होती है। ऐसी स्थिति में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। छात्रों ने मांग की है कि छात्रावास भी वर्ष के पूरे 12 महीने संचालित किया जाए जिससे उन्हें परीक्षाओं के समय परेशानियों का सामना न करना पड़े। आवेदन देने वालों में सीनियर आदिवासी महाविद्यालय बालक छात्रावास डिंडोरी के छात्र दुर्गेश, ग्वाल सिंह, संदीप कुशराम, प्रहलाद समेत बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## जनसुनवाई में आये 111 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 25 फरवरी को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 111 आवेदन आये।

## जिले में कक्षा 12 वीं की परीक्षा प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा वर्ष 2025 के लिए कक्षा 12 वीं की परीक्षा मंगलवार 25 फरवरी से शुरू हो गई है। यह परीक्षा 25 मार्च तक आयोजित की जायेंगी। परीक्षा को सफल एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने जिले की ग्राम भैंसापाला में बनाये गये परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत ने यहां पहुंचकर कक्षा 12 वीं की जारी वार्षिक परीक्षा का अवलोकन किया। केन्द्राध्यक्ष ने बताया कि यहां कोई भी विद्यार्थी अनुपस्थित नहीं है। कक्षा 12 वीं का पहला पेपर हिंदी का हुआ। सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने यहां किये गये प्रबंधों का भी अवलोकन किया।

## सेवा निवृत्त हुए 18 कर्मचारियों को किया गया पी.पी.ओ. वितरण

**सवनी।** इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप, जिला कोषालय अधिकारी, अति. जिला पेंशन अधिकारी, सहायक पेंशन अधिकारी श्री धनेन्द्र कुमार उईके सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा पीपीओ वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के शासकीय सेवा के दौरान किये गये कार्यों की सराहना करते सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पौधे भेंट कर उनके सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।
सहायक कोषालय अधिकारी सुश्री निर्मला गजभीम, सहायक प्राध्यापक श्रीमती अर्चना चंदेल, भृत्य श्री दयाराम उइके, सहायक शिक्षक श्रीमती फरजाना खान, सहायक शिक्षक श्रीमती शाहिन खान, सर्वेलेंस निरीक्षक श्री प्रभुदयाल यादव, सहायक शिक्षक श्रीमती साधना बारापात्रे, प्रधान पाठक श्री अशोक कुमार हिरकने, वनपाल श्री अमर दास डोंगरे, सहायक शिक्षक श्री राधेश्याम ठाकुर, प्राचार्य श्री राघवेन्द्र रंजन सिंह, भृत्य श्री श्रीराम रैकवार, प्रधान पाठक श्री संतोष गिरी गोस्वामी,सहायक ग्रेड 3 श्री शरद शिवहरे, एच एच व्ही श्रीमती मीरा डोंगरे, माध्यमिक शिक्षक श्री ज्ञानदास गढपाल, दफतरी श्री लच्छी लाल टेकाम, एएनएम श्रीमती अनुपा मेश्राम को पीपीओ का वितरण किया गया।



### नगर में होंगे विविध आयोजन, जगह-जगह निकाली जायेगी शोभायात्रा

# आज मनाया जायेगा महाशिवरात्रि का पर्व

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** आज महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव की आराधना पूजन में समूचा जिला शिवमय बना रहेगा। शिवालयो, नर्मदा तटों पर सुबह से देर रात तक हर तरफ भगवान शिव के जयकारों की गूंज सुनाई देगी। नर्मदा तटों अल सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान करने पहुंचेगे। वहीं स्नान के बाद श्रद्धालुओं द्वारा घाटों पर बने मंदिरो में अभिषेक पूजन किया जाएगा। इसके अलावा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाडरवारा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डमरूघाटी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। साथ ही महादेव पिपरिया में भी मेला भरता है बरमान के प्राचीन दीपेश्वर मंदिर में पूजन करने श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही देखने को मिलती है।

### नर्मदा तटों पर उमड़ेगे श्रद्धालु

जिले के प्रमुख तीर्थक्षेत्र बरमान में सुबह से नर्मदा के सीढ़ीघाट, रेत घाट, सतधारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान-पूजन करने पहुंचेगें। यहां नर्मदा की दो धाराओं के बीच टापू पर बने प्राचीन दीपेश्वर मंदिर में विराजित शिवलिंग का अभिषेक पूजन करने के लिए नौकाओं से श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। पंचकोषी परिक्रमा के दौरान इस मंदिर में ओंकारेश्वर की मान्यता के अनुसार पंचकोषी परिक्रमा पूर्ण होने पर पूजन किया जाता है। मंदिर काफी प्राचीन है और मंदिर को श्रद्धालुओं के सहयोग से नया स्वरूप मिला है जिससे यहां नरसिंहपुर, करेली, सागर, छिंदवाड़ा, रायसेन आदि जिलो से भी पूजन के लिए श्रद्धालु यहां बड़ी संख्य में आते हैं। नर्मदा के ककराघाट पर भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होती है। इसी तरह नर्मदा के अन्य घाटों पर भी स्नान-पूजन का क्रम शाम तक चलता रहेगा।जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रो में शिव पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ छोटे-बड़े सभी शिवालयों में पहुंचेगें। वहीं विभिन्न आयोजन समितियों द्वारा धूमधाम से भगवान शिवजी की झांकियां बनाकर बारात निकाली जायेगी, धूमधाम से शिव पार्वती विवाह प्रसंग मनाया जाएगा।



### जगह-जगह निकाली जाएगी शोभायात्रा होंगे भंडारे

श्री नरसिंह युथ ग्रुप के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति पुनरू इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात एवं शोभायात्रा निकाली जा रही है जो कि सिंहपुर चैराहा शिव मंदिर से शाम 5 बजे प्रारंभ होगी। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी जनता से उपस्तिथि का आग्रह किया है । आमजन व समाजसेवी लोगों द्वारा डमरू घाटी जाने वाले मार्ग पर अनेक स्थानो पर पेयजल सेवा, फलाहारी प्रसादी का वितरण किया जाएगा। शक्कर नदी पुल के पास रेत में मेले का आयोजन किया गया है। यातायात को दृष्टिगत रखते हुए शक्कर नदी पुल पर बड़े वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। साथ ही जगह जगह भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। शिव धाम डमरू घाटी समिति एवं स्थानीय प्रशासन मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं को लेकर विशेष तैयारियां कर ली गईं हैं।

## महाशिवरात्रि आध्यात्मिक चेतना का जागरण पर्व है



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** महाशिवरात्रि भगवान शंकर की आराधना का पर्व है।देवाधिदेव महादेव का आज ही के दिन माता पार्वती से विवाह हुआ था।शिवरात्रि को सृष्टि का आरंभ पर्व भी माना जाता है।आज ही के दिन भगवान शंकर ने समुद्र मंथन से निकले विष को पीकर इस संसार की रक्षा की थी। महाशिवरात्रि पूजन अर्चन उपवास और आध्यात्मिक चेतना का जागरण पर्व है।सुबह से ही वृत का संकल्प लेकर जलाभिषेक दुग्धाभिषेक चन्दन दूबा धतूरा फूल बेलपत्र बेर बाली चढ़ाकर सच्ची श्रद्धा भक्ति से भगवान शंकर की पूजा करने से सबका कल्याण होता है और मनवांछित फलों की प्राप्ति होती है।महाशिवरात्रि व्रत से शादी योग्य बेटे बेटियों को सुयोग्य वर वधू की प्राप्ति होती है।भगवान त्रिलोकीनाथ के मंत्र जाप से आत्म संयम आत्मज्ञान के साथ ही मन पवित्र होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती होती है। हमें निरंतर भगवान शंकर और हनुमान जी महाराज की आराधना करना चाहिए। हनुमान जी भी शिवजी के ही स्वरुप हैं।उक्ताशय के विचार वरिष्ठ साहित्यकार मूर्धन्य ओज? कवि गुरुवर अशोक त्रिपाठी ने मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर नरसिंहपुर में आयोजित सत्संग सभा में व्यक्त किये।चोला वंदन मंदिर पुजारी पं.मनीष गिरदोनिया व आर के कौरव द्वारा किया गया। आयोजन समिति की ओर से गुरुवर नारायण प्रसाद साहू ने भी महाशिवरात्रि पर्व में जागरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पूर्ण श्रद्धा विश्वास से भगवान की भक्ति करने की सभी को प्रेरणा दी। कार्यक्रम में दिनेश श्रीवास्तव जे पी श्रीवास्तव महेश नेमा गिरीश पटेल बीडी रुसिया सुभाष साहू एस के तिवारी भागवती राय रामायणी भगवान दास साहू गंगाराम साहू चैहान सर एड अजय साहू खूबचंद महोबिया पुरषोत्तम पहलवान ओमप्रकाश पंड्या रामचरण कश्यप सहित अनेक भक्तजन उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन गिरीश पटेल द्वारा किया गया।

## महाशिवरात्रि पर्व पर मेला को देखते हुए यातायात एवं पार्किंग की व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** महाशिवरात्रि पर्व जिले के डमरूघाटी में मेला का भव्य आयोजन किया जायेगा। इस दौरान पुलिस प्रशासन नरसिंहपुर द्वारा आवागमन को सुगम बनाने के लिए यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की गई है। नरसिंहपुर से सांईखेड़ा- पिपरिया की ओर जाने वाले टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन नारगी, कल्याणपुर, एनटीपीसी- गाडरवारा बाईपास से, तेंदूखेड़ा से गाडरवारा शहर की ओर जाने वाले टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन उदयपुरा- सांईखेड़ा से, तेंदूखेड़ा से करेली की ओर जाने वाले टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन अट्ठाईसा पेट्रोल पंप- कौड़यिा से और तेंदूखेड़ा से नरसिंहपुर जाने वाले वाहन राजमार्ग से होते हुए जायेंगे। इसी तरह आमगांव नाका से आने वाले ऑटो बोदरी चैराहे तक, नगर की ओर से आने वाले ऑटो नये बस स्टैंड तक और नगरजनों एवं ऑटो चालकों से स्टेशन से पलोटनगंज, राठी तिराहा, आमगांव नाका से बोदरी चैराहे तक आ सकेंगे। ऑटो चालक यहां सवारियां उतारकर और लेकर इन्ही पॉइंट्स से वापस जायेंगे। बोदरी चैराहे से महाकाल तिराहा एवं चुंगी नाका से तिराहा तक ऑटो पूर्णतरू प्रतिबंधित रहेंगे। वाहन पार्किंग के लिए करेली की ओर से डमरूघाटी मेले मैं आने वाले वाहनों के लिए बिजासेन माता मंदिर के पास एवं मजार के सामने, तेंदूखेड़ा की ओर से डमरूघाटी मेले मे आने वाले वाहनों के लिए विट्ठल भवन के पास और गाडरवारा की ओर से डमरूघाटी मेला आने वाले वाहनों के लिए ज्योति हॉस्पिटल के पीछे व्यवस्था की गई हैं।

# मोबाईल चोरी करने वाले आरोपी को 6 माह का कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमान यश शर्मा के न्यायालय द्वारा मोबाईल की चोरी के प्रकरण में आरोपी चन्द्रभान कुशवाहा पिता सत्यनारायण कुशवाहा, आयु 30 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 13 ग्राम बनखेडी, थाना बनखेडी जिला नर्मदापुरम (म.प्र.), को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को भा.दं.सं. की धारा- 379 में 06 माह का सश्रम कारावास एवं 500- रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया। जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि फरियादी शाजिया खान दिनांक 11.5.2023 को अपने माता-पिता भाई के साथ भेड़ाघाट घूमने के पश्चात ट्रेन 06620 अप मेमो स्पेशल ट्रेन से जबलपुर से गाडरवारा की यात्रा कर रही थी तभी यात्रा के दौरान गाडरवारा स्टेशन पर उसका रियलमी 7 कंपनी का लाईट ग्रीन कलर का मोबाईल जिसमें जिवो कंपनी की सिम नं. 8928330132 लगी थी, जिसका आई.एम.ई.आई. नं. 869577056477596, जिसकी कीमत 10,000६-रुपये थी, जिसके पीछे के कवर में यश बैंक का ए.टी.एम. एवं नगदी 1000६-रुपये केश रखे थे, को कोई अज्ञात बदमाश रेलवे स्टेशन गाडरवारा के पास चोरी कर ले गया। उक्त सूचना के आधार पर थाना जी.आर.पी. गाडरवारा द्वारा अज्ञात के विरूद्ध अपराध क्रमांक 137६2023 अंतर्गत धारा 379 भा.दं.सं. 1860 की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। विवेचना के दौरान साईबर सेल से प्राप्त सी.डी.आर. के आधार पर कार्यवाही कर अभियुक्त के मेमोरेंडम अंतर्गत धारा 27 भारतीय साक्ष्य अधिनियम तैयार किया गया तथा अभियुक्त के मेमोरेण्डम के आधार पर उससे उक्त चोरीशुदा मोबाईल जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार किया गया तथा अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उसके पश्चात अन्य आवश्यक अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## प्राशन आहार के पैकेट ओर परीक्षा पूर्व लेखन सामग्री का वितरण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** चंदना संभाग के अंतर्गत अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन समय सिंधु महिला परिषद द्वारा ग्राम पंचायत देवरी कला प्राथमिक विद्यालय मे संत शिरोमणी 108 आचार्य गुरुवर विधासागर जी महाराज की प्रथम समाधि दिवस पर पूर्ण आयु चिकित्सालय में बने सम्पूर्ण आहार के पैकेट जिसमे सम्पूर्ण पोषक तत्वो की मिश्रित सामग्री पिसा मिश्रण प्राशन आहार के रूप मे वितरित किया एवं बच्चो की परिक्षाए शुरु होने से पूर्व लेखन सामग्री एवं टाफी का वितरण किया लाभान्वित बच्चे 63 लेखन सामग्री का वितरण चंदना संभाग के अंतर्गत समय सिंधु महिला परिषद नरसिंहपुर द्वारा किया गया। प्राशन आहार मुख्यमंत्री के सौजन्य से प्रशासनिक गतिविधि उपस्थित सदस्य संरक्षक किरण जैन ,अध्यक्ष रंजना नायक ,कोषाध्यक्ष भावना जैन , सहसचिव पूनम जैन एवं स्कूल स्टाफ मे प्राचार्या श्रीमति ममता नामदेव रही ।

## मारपीट कर धमकी देने वाले आरोपी को सश्रम कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी यश शर्मा के न्यायालय द्वारा लाठी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के प्रकरण में आरोपी हमीद खान पिता रमजान खान, आयु 49 वर्ष, निवासी - ग्राम पाठा सलैया, थाना बनखेडी जिला नर्मदापुरम (म.प्र.), हाल निवासी- सरकारी अस्पताल के पास चीचली जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को भा.दं.सं. की धारा- 325 में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500- रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया। जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि फरियादी दीपक कहार दिनांक 01.01.2023 को दिन के करीब 03.00 बजे अपने दोस्त राजू कहार, राम किशोर कहार के साथ सूखाखैरी से पैदल आ रहा था तथा मेन मार्केट चीचली जाने के लिये अभियुक्त हमीद खान के घर के सामने ऑटो रोककर बात कर रहा था। उसी समय अभियुक्त हामिद आया और घर के सामने क्यों भीड़ लगाये हो कहकर उसे गालियां देने लगा एवं उसके गालियां देने से मना करने पर अभियुक्त हमीद ने उसे लाठी से मारपीट किया, जिससे उसके बांये हाथ की कोहनी के उपर चोट आई। फरियादी के घर जाते समय हमीद खान उससे कहने लगा कि आज के बाद उसके घर के सामने दिखा तो जान से खत्म कर देगा। उक्त सूचना के आधार पर थाना चीचली में अभियुक्त के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी थी।

## पहले दिन बारहवीं के पेपर में 8 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**तेंदूखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार से हायर सेकेण्डरी स्कूल की परीक्षाएं शुरू हो गई है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र से नौ परीक्षा केंद्रों में पहले दिन हिंदी के पर्चा में 08 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।कुल 1121 छात्रों में 1113 छात्र छात्राएं ही उपस्थित रहीं। इनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी राजमार्ग परीक्षा केंद्र में सर्वाधिक 05 छात्र तेंदूखेड़ा के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र से 02 और चांवरपाठा उत्कृष्ट विद्यालय परीक्षा केंद्र में मात्र एक छात्र अनुपस्थित रहा। जबकि सभी केंद्रों पर लगभग सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों को बैठने से लेकर पीने के पानी की समुचित व्यवस्थाएं की गई थी। निर्धारित समय से ही पूर्व परीक्षार्थी केंद्रों पर पहुंच गये थे। चूंकि पहले दिन बैठक व्यवस्था और आवश्यक परीक्षा कार्रवाई की दृष्टि से पहुंचना जरूरी था। हमारे प्रतिनिधि को परीक्षार्थियों ने बताया कि पहले दिन हिंदी का पेपर सरल आया था सभी छात्रों ने मन लगाकर पर्चा हल किया। तेंदूखेड़ा के दोनों परीक्षा केंद्रों पर 22 कक्षों में 28पर्यवेक्षक तैनात किए गए थे।

### सड़कों पर सुरक्षा की जरूरत

तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय पर जहां हाईस्कूल और हायर सेकंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। वहीं कुछ ग्रामीण क्षेत्रों से भी कक्षा पांचवीं और आठवीं कक्षा के परीक्षा केंद्र तीन अलग-अलग स्कूलों में बनायें गये हैं। इनमें सभी केंद्र मुख्य सड़क मार्ग को क्रास करके ही छात्रों को आना जाना पड़ता है लेकिन इनमें बड़े छात्र छात्राएं तो सुरक्षित आवागमन कर लिया करते हैं बाकी छोटे छोटे बच्चों पांचवीं और आठवीं के छात्र देखा-देखी और जल्दबाजी के चक्कर में भारी बाहनों के बीच सीधे सड़क फांदकर निकलते हैं।इनकी सुरक्षा को देखते हुए जहां अविभावकों को आगे आने की जरूरत है वहीं पुलिस व्यवस्था भी आवश्यक है। केंद्र अध्यक्षों को भी चाहिए कि इन बच्चों के पालकों को साथ ले जाकर छोड़ने तक के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

## अधूरा पड़ा बगतला तालाब का सौंदरीकरण



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास स्थित बगतला तालाब है। इस तालाब का सौंदर्यीकरण करने के उद्देश्य से टेंडर लगा कर निर्माण कार्य करने ठेकेदार को प्रदान किया गया। उसके द्वारा कुछ कार्य किया।
इसके बाद उसका कार्य अधर में लटक गया है। इस तालाब के कुछ हिस्से में अतिक्रमण करने वालों के द्वारा झोपड़ियों का निर्माण किया है। इनको हटाने की दिशा में किसी प्रकार का कोई प्रयास नहीं होने के बाद तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य पूरी तरह से लटक गया है। इतना ही नहीं इस तालाब स्थल पर जो पौधे अधिकारियों के द्वारा रोपित किए गए थे वह तक गायब हो गए है। इतना ही नहीं इस तालाब स्थल पर किस योजना के तहत तालाब का सौंदर्यीकरण हो रहा है और उसकी कितनी लागत लगेंगी। यह तालाब स्थल पर लगाया गया बोर्ड तक गायब हो गया है।पिछले साल तालाब पर कुछ कार्य करने के बाद ठेकेदार के द्वारा कोई आगे का कार्य अभी तक नहीं किया जा रहा है। इसके पीछे तरह-तरह की बातें कहीं जा रही हैं। जब तक उनका निराकरण नहीं होता है। ठेकेदार कार्य करने की स्थिति में नहीं है। तालाब में जो पानी भरा था वह भी धीरे धीरे कम होता जा रहा है। इस तालाब का राजस्व विभाग जल्द ही गठित सदस्यों के माध्यम से सीमांकन का कार्य पूरा कराए ताकि तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य होने लगे। यही एक मात्र तालाब बचा है जो अस्तित्व में मौजूद है वरना अन्य तालाबों की स्थिति बहुत ही खराब बनी हुई है।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में होंगे विविध आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** देवाधिदेव महादेव के विवाहोत्सव का महापर्व महाशिवरात्रि पर्व को लेकर आज नगर एवं आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में भी महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाये जाने की व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। सभी शिवालयों में विद्युत साज सज्जा की गई है। तथा नगर में भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली जायेगी जगह जगह शिवाभिषेक भजन कीर्तन संपन्न होंगे। क्षेत्र के प्रतिष्ठित शूलपाणेश्वर मंदिर में सुबह से ही श्री राम नाम संकीर्तन किया जायेगा। तथा ककरा घाट से पुण्य सलिला मां नर्मदा का जल लेकर कांवर यात्रा शिवधाम शूलपाणेश्वर मंदिर कुटी ग्राम खमरिया पहुंचेंगे जल चढ़ाकर अभिषेक पूजन अर्चन संपन्न होगा। साथ ही श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार में भगवान भोलेनाथ की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। जगह जगह अखंड रामायण पाठ सुंदरकांड पाठ आयोजित किए जायेंगे।



## श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में महाआरती एवं देवीजागरण



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर के गुरुनानक वार्ड स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन शुभ अवसर पर इस वर्ष भी समस्त भक्तगण श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति गुरुनानक वार्ड गोटेगांव के तत्वाधान में संगीतमय महाआरती एवं भव्य देवी जागरण किया जाएगा, आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिनांक 26 फरवरी दिन बुधवार को शाम 8:00 बजे से महाआरती एवं जबलपुर के सुप्रसिद्ध गायक कलाकार शरद तिवारी एवं गायिका कृतिका ठाकुर एवं उनकी टीम के द्वारा शानदार देवीगीत की प्रस्तुति दी जाएगी, साथ ही रात्रि जागरण कर शिव शंकर भोले भंडारी श्री नर्मदेश्वर महादेव का महाअभिषेक पूजन भी किया जाएगा, आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालु बंधुओं से आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।